# वार्ड 39 में जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## स्कूली बच्चों को निकलने का नहीं बचा रास्ता



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 6 जुलाई।** शहर के अटेर रोड क्षेत्र स्थित श्रीवास नगर वार्ड क्रमांक 39 की जनता इस समय बुरी तरह से परेशान है। बरसात के कारण इलाके की गलियों और रास्तों में गंदा, बदबूदार पानी भर गया है, जिससे न केवल रहवासियों को भारी परेशानी हो रही है, बल्कि छोटे स्कूली बच्चों को स्कूल तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया है।

स्थानीय निवासी राजू श्रीवास, रेखा देवी और मुकेश ने बताया कि बारिश के पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। नालियां पूरी तरह से बंद हैं या उनका निर्माण ही अधूरा है, जिससे बारिश का पानी सीधा लोगों के घरों के सामने और अंदर तक भर गया है। बच्चे कीचड़ में गिर रहे हैं, बुजुर्गों को बाहर निकलना मुश्किल हो गया है, और रोजमर्रा के काम ठप हो गए हैं। वार्ड की मुख्य गलियों में चलना तक दूभर हो गया है। यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि हर साल बरसात में यही हाल होता है, लेकिन नगर पालिका और जिम्मेदार अधिकारियों ने आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस संबंध में कई बार नगर पालिका परिषद भिण्ड, वार्ड पार्षद और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला। अब तक न तो किसी अधिकारी ने क्षेत्र का दौरा किया और न ही कोई सफाई या जल निकासी का काम शुरू हुआ है। श्रीवास नगर की महिलाएं और बुजुर्गों ने कहा कि हमारे घरों के सामने का पानी हफ्तों तक नहीं निकलता। गंदगी से मच्छरों की भरमार है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ऐसे हालात में रहना कठिन होता जा रहा है। स्थानीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के माता-पिता ने बताया कि बच्चों को स्कूल छोड़ने ले जाने में परेशानी होती है। कई बार बच्चे गंदे पानी और कीचड़ में गिर भी चुके हैं। लोग मजबूरी में पटियों या ईंटों के सहारे रास्ता बनाकर निकलने की कोशिश कर रहे हैं, जो कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। क्षेत्रवासियों की मांग है कि जल्द से जल्द नालियों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था और सड़क मरम्मत का कार्य किया जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि नगर पालिका और जिम्मेदार अधिकारी जल्द कोई कार्यवाही नहीं करते हैं, तो वे धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।

# मोहर्रम के दौरान युवक को लगा करंट, गंभीर रूप से घायल

## गोरमी नगर में निकला मोहर्रम का जुलूस झूलते बिजली के तारों से युवक को लगा करंट



**नवभारत न्यूज**
**गोरमी,6 जुलाई।** - मोहर्रम के पवित्र त्यौहार के पर गोरमी नगर में जुलूस का आयोजन किया गया जिसके चलते शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होकर निकाली गई। मोहर्रम के पावन अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा ताजियों का जुलूस निकाला जाता है यह कार्यक्रम आज यहां गोरमी नगर में आयोजित हो रहा था,जुलूस के दौरान बूढ़े बच्चे युवा सभी शामिल थे, इसी समय गलियों में झूलती हुई हाई टेसन लाइन की चपेट में आ जाने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, मिली जानकारी के अनुसार युवक लगभग 70 प्रतिशत जल गया उपचार हेतु घायल को ग्वालियर रेफर कर किया गया। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते इससे पूर्व भी कई घटनाएं घटित हो चुकी हे जिसमे बीते महीने ग्राम पंचायत मेहदौली मे बडा हादसा घटित हुआ जिसमे एक युवक की मौत हो गई। झूलती हुई हाई टेंशन लाइने और टूटे पोल बन रहे हादसे का कारण पर विद्युत विभाग के अधिकारियो का इस ओर ध्यान नहीं जाता। घटना केवल नगर में नही बल्कि ग्रामीण अंचलों में भी हो रही है क्योंकि झूलती हुई लाइनों टूटे हुऐ पोल इस बात की गबाही दे रहे है।मगर विद्युत विभाग किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं करता है, इसके लिए विद्युत विभाग को कई बार स्थानीय लोगों द्वारा लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है।

***इनका कहना है...***

*झूलते हुए तारों टूटे हुऐ पोल की समस्या एक आम बात है, विद्युत विभाग को कई बार अवगत कराया जा चुका है पर इस ओर कोई ध्यान नहीं देता।*

***कमल दीक्षित, स्थानीय नागरिक***

*विद्युत विभाग की लापरवाही यह केवल एक नहीं है कई बार यह समस्या सामने आ चुकी है पर विद्युत विभाग के कान पर जूँ नहीं रेंगती।*

***मुन्ना खान, स्थानीय नागरिक***

*11 केवी लाइन की झूलती हुई समस्या है*
*इसके लिए मैंने अपने यहां से ड्यूटी लगाई थी, पर शायद जब तक कर्मचारी वहां पहुंचे तब तक हादसा हो चुका था:*

***उतकर्ष पांडे जे.ई गोरमी***

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा का रचनात्मक आयोजन

## जिले के 1480 केंद्रों पर पौधरोपण हुआ



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 6 जुलाई।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक और राष्ट्र की एकता के अग्रदूत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भिंड जिले के सभी 29 मंडलों के 1480 बूथ केंद्रों पर भव्य रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर एक पेड़ मन के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण, विचार गोष्ठियां तथा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने भाग लिया।

गोहद विधानसभा क्षेत्र के नगर परिषद मौ में स्थित नरसिंह मंदिर के समीप आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर एवं पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्र सेवा के उनके महान योगदान को याद किया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में प्रदेश मंत्री पाराशर ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित था। उन्होंने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे के उद्घोष के साथ कश्मीर में राष्ट्रीय एकता की अलख जगाई और इसी संघर्ष में उन्होंने अपना बलिदान दिया। पाराशर ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जो सपना देखा था, उसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार किया गया, जब जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाया गया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जो पार्टी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को अपना आदर्श बताती है, उसी कांग्रेस ने उन्हें चुनाव हरवाया था। आज भारतीय जनता पार्टी ने सामाजिक न्याय, समरसता और समान नागरिक अधिकारों की दिशा में जो काम किए हैं, वे वास्तव में डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार करने की दिशा में मजबूत कदम हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष कामना भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. मुखर्जी ने अपने बलिदान से कश्मीर को न्याय दिलाया। वे सच्चे राष्ट्रभक्त और भारतीय संस्कृति के संवाहक थे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मायाराम शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष रविसेन जैन, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र शर्मा, सुधा राठौर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ममता भदौरिया, जिला मंत्री राधाकृष्ण शर्मा, रश्मि खटीक, सोशल मीडिया प्रभारी मोनू नरवरिया, लोकतंत्र सेनानी नवल किशोर मिश्रा, रामू कुशवाहा समेत अनेक वरिष्ठ नेता मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष सज्जन सिंह यादव ने किया और आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष रामयतार सिंह गुर्जर ने किया।

भाजपा जिला कार्यालय (बूथ क्रमांक 167, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 37) पर भी डॉ. मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जहाँ जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कहा कि डॉ. मुखर्जी भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीक हैं। उन्होंने एक देश, एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के सिद्धांत के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया और उनका जीवन असंख्य भारतीयों के लिए प्रेरणा बना रहेगा।

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने पूर्व विधायक समाधिया को दी श्रद्धांजलि

## दबोहा मोड़ पर हुआ भव्य स्वागत, भाजपा नेताओं और जनप्रतिनिधियों की रही मौजूदगी



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 6 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भारत सरकार के संचार मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने निर्धारित दौरे पर शनिवार को भिंड पहुंचे। वह ग्वालियर से सड़क मार्ग होते हुए अटेर रोड स्थित डाक बंगला पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय शिवशंकर समाधिया के निधन पर उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सिंधिया ने समाधिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

सिंधिया ने अपने संबोधन में कहा कि स्व. शिवशंकर समाधिया से उनका पारिवारिक और आत्मीय रिश्ता रहा है। उन्होंने कहा कि समाधिया ने जीवनभर जनसेवा को ही अपना धर्म माना और क्षेत्रीय विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहे। सिंधिया ने कहा कि समाज में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता और सिंधिया परिवार हमेशा उनके परिवार के साथ खड़ा रहेगा। इस अवसर पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री, विधायक एवं संगठन पदाधिकारी भी स्व. समाधिया को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके सामाजिक कार्यों को याद करते भावुक नजर आए। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, सांसद संध्या राय, विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, पूर्व मंत्री ओपीएस भदौरिया, पूर्व विधायक मुन्ना सिंह भदौरिया, मथुरा प्रसाद महंत, रणवीर जाटव, पूर्व सांसद अशोक अर्गल, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया, वनखंडेश ?वर मंडल के अध्यक्ष प्रिन्स दुबे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रमेश दुबे, संजीव काकर, पूर्व जिलाध्यक्ष रविसेन जैन, जिला उपाध्यक्ष अनिल कटारे, उपेंद्र शर्मा, शिवराज सिंह यादव, जिला मंत्री शिव प्रताप सिंह राजावत सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

सिंधिया के भिंड आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दबोहा मोड़ पर उनका भव्य स्वागत किया। भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया और विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर केंद्रीय मंत्री का अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। सिंधिया ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि संगठन की ताकत ही पार्टी की असली पूंजी है और हम सबको समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है।

इस शोक संवेदना कार्यक्रम ने एक ओर जहां स्वर्गीय समाधिया के सामाजिक और राजनीतिक योगदान को श्रद्धा के साथ स्मरण करने का अवसर दिया, वहीं भाजपा संगठन की एकजुटता और वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति सम्मान भी स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ।

# मोहर्रम पर मातमी धुनों के साथ निकले ताजिए, कर्बला में किए गए सुपुर्द-ए खाक



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 6 जुलाई।** इस्लाम और इंसानियत को बचाने की खातिर शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में रविवारको 10वें मोहर्रम पर शहरभर में ताजियों ने गश्त किया। मातमी धुन के साथ ताजियों का जुलूस शहर में गश्त करते हुए अटेर रोड स्थित कर्बला पहुंचा। कर्बला में फातिहा ख्वानी के बीच ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान देश, प्रदेश और शहर में अमन के लिए दुआ की गई। इससे पहले शनिवार 9वें मोहर्रम की रात में शहर में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गो ने ताजियों की जियारत की और मन्नातें मांगी। मोहर्रम पर ताजिएदारी भिंड जिले की तरह आसपास के जिलों में देखने को नहीं मिलती है। जिलेभर में करीब 250 ताजिए बनाए गए थे। शहर में ही 75-80 ताजिए बनाए गए थे। ताजियों को आकर्षक तरीके से चमकीली पन्नी और लाइटिंग से सजावट की गई थी। शनिवार और रविवार को लोगों ने ताजिए की जियारत कर फातिहा ख्वानी की और मन्नातें मांगी। शनिवार को ताजियों ने पूरी रात शहर में गश्त की। इसके बाद रविवार सुबह अपने मुकाम पर पहुंचे थे। रविवारको दोपहर बाद ताजियों को मातमी धुन के साथ कर्बला ले जाया गया।

मोहर्रम में ताजियों के जुलूस में पुलिस की ड्यूटी सबसे ज्यादा कठिन होती है। 8वें मोहर्रम को रात में मेंहदी निकाली जाती है। यहीं से पुलिस की कठिन ड्यूटी शुरू हो जाती है। मेंहदी की पूरी रात पुलिसकर्मियों को जागकर ड्यूटी करना होती है। इसके बाद 9वें मोहर्रम में रात में ताजिए गश्त करते हैं तब भी पुलिसकर्मियों को लगातार दूसरी रात जागकर ड्यूटी करना होती है। इसके बाद लगातार तीसरे दिन 10वें मोहर्रम पर दिन से आधी रात तक कठिन ड्यूटी होती है।

देर रात तक अटेर रोड छौलिया में स्थित कर्बला में ताजियों को फातिहा ख्वानी के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया। सोमवार को 11वें मोहर्रम पर शहर और आसपास के महिला पुरुष कर्बला में मन्नात मांगने जाएंगे। इस दौरान फातिहा ख्वानी होगी और लोग अपनी मन्नातें मांगेंगे। गुरुवार को 12वें मोहर्रम पर ताजियों के स्थान पर तीजे की फातिहा होगी। मिहोना नगर में मोहर्रम के ताजिए नगर के मुख्य मार्गो से निकाले गए। ताजियों का हिंदू भाइयों ने जगह जगह किया स्वागत किया गया।

नगर मे भिंड रोड से ताजिए शुरू किए गए, जो किसदर बाजार, गांधी तिराहा, लहार रोड, उरई रोड पर रखे गए। इसके बाद ताजिए काली माता मंदिर होते हुए वार्ड 9 मे पहुंचे, जहां पर गथाई सरकार मंदिर के पास तालाब मे दफनाए गए। ताजिए निकालने के दौरान युवाओं ने कई तरह के हैरत अंगेज करतव भी दिखाए। आलमपुर के वार्ड सात निवासी वकील खान, लतीफ़ खान, हलीम खान ने इस बार ताजिया को देशभक्ति से ओतप्रोत राष्ट्रध्वज के रंग में बनाया है। तिरंगे को रूप दिए ताजिया को 2 माह में करीब 30 हजार की लागत से तैयार किया गया है।

गोहद कस्बे में मुख्य मार्गो पर रातभर जुलूस के रूप में घूमे। इसके बाद कब्रिस्तान स्थित कर्रबला पर ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इसी तरह मिहोना, मेहगांव, अटेर, रौन, लहार, आलमपुर, गोरमी, फूफ, अकोडा, ऊमरी, मछंड, दबोह, असवार, देवरीकलां, अमायन में ताजियों का जुसूल निकाला गया। इसके बाद ताजियों को कर्बला पर देर रात सुर्पुद-ए-खाक किया गया।

# नवागत सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत ने संभाली कमान

## बेहतर पुलिसिंग और जनसंपर्क के लिए जाने जाते हैं राजपूत



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 6 जुलाई।** नवागत सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उनके पदभार संभालते ही पुलिस विभाग में नई ऊर्जा और कार्यशैली की उम्मीदें जाग उठी हैं।

सीएसपी राजपूत एक कुशल प्रशासक और बेहतर पुलिसिंग, अनुशासन और जन सहभागिता के लिए पहचाने जाते हैं। उन्होंने अपने अब तक 8 साल के कार्यकाल में जनता के बीच विश्वास कायम करते हुए, संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई कर मिसाल पेश की है। पदभार ग्रहण करते हुए सीएसपी श्री राजपूत ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, महिला सुरक्षा, युवाओं को नशे से दूर रखने की पहल, और जनता से सीधा संवाद उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अपराध पर सख्ती से नियंत्रण रखते हुए जनसुनवाई को प्रभावी और त्वरित बनाया जाएगा। नवागत सीएसपी ने बताया कि पुलिस तभी प्रभावी हो सकती है जब वह जनता के साथ मिलकर काम करे। उनका प्रयास रहेगा कि आम नागरिकों का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो तथा थानों में पारदर्शिता के साथ कार्य हो।

### दुष्कर्म के आरोप मे फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**इंदरगढ़।** पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे के कुशल मार्गदर्शन में एससी/एसटी एक्ट मामला गंभीर होने से पुलिस अधीक्षक दतिया द्वारा प्रकरण की अग्रिम विवेचना हेतु एस.डी.ओ.पी. सेवढा अजय चानना को दी गई। प्रकरण में जरिए मुखबिर सूचना मिलने पर प्रकरण के विवेचक एसडीओपी सेवढ़ा अजय चानना द्वारा निर्देशित करने थाना लाँच पुलिस द्वारा प्रकरण के 10000/- रू. का इनामी आरोपी डोमन पुत्र संतोष गोस्वामी उम्र 22 साल निवासी तादुल पलौद रायपुर छतीसगढ को आज लांच चौराहा इन्दरगढ पर से गिरफ्तार किया गया।

# गोरमी पुलिस ने दो साल से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**नवभारत न्यूज**
**गोरमी,6 जुलाई।** गोरमी थाना पुलिस को दो वर्षों से फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली है। आरोपित पर सदोष मानववध सहित कई गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज था। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक तथा अनुविभागीय अधिकारी संजय कोच्छा के मार्गदर्शन में की गई।

गोरमी थाना प्रभारी ध्यानेन्द्र सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 जून 2023 को फरियादी देवेन्द्र शर्मा उर्फ सोनू पुत्र रामशरण शर्मा, निवासी मोहनपुरा थाना गोरमी, ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि लगुन फलदान कार्यक्रम के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हर्ष फायर कर दिया गया। इस दौरान एक गोली रामशरण शर्मा के दाहिने गाल में तथा एक गोली एक अन्य व्यक्ति हर्ष को लगी थी। घायल अवस्था में रामशरण शर्मा को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना पर थाना गोरमी में अपराध क्रमांक 169/23 धारा 304, 308, 188, 34 भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने पहले एक आरोपी को 25 जून 2023 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था, जबकि एक अन्य आरोपी घटना के दिन से ही फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस को पता चला कि आरोपी मेहगांव क्षेत्र में छिपकर रह रहा है। तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय मेहगांव में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# अयोध्या धाम पदयात्रा करने वालों का किया स्वागत



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 6 जुलाई।** अयोध्या धाम से 14 दिन की पदयात्रा पूरी कर आज दिनांक 06/07/2025 को वापस आए शिवदयाल सिंह परमार, जयप्रकाश शर्मा, छोटू मिश्रा, राधेश्याम अवस्थी, सतेंद्र शर्मा और रामनरेश कुशवाह का मेहगांव में भव्य स्वागत किया गया। इन सभी पद यात्रियों ने परिवार समाज और क्षेत्र की खुशहाली के लिए अयोध्या धाम पदयात्रा की थी। डॉ. ब्रजकिशोर राजावत सरपंच रामबरन परमार, होतम सिंह भदौरिया और अन्य गणमान्य नागरिकों ने पद यात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। यात्रियों ने अपनी पदयात्रा के दौरान के अनुभवों को साझा किया और बताया कि कैसे इस यात्रा ने उन्हें नई ऊर्जा और प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उनके लिए एक जीवन बदलने वाला अनुभव था और उन्हें समाज के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने यात्रियों की हौसलाफजाई की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ ब्रजकिशोर राजावत ने कहा कि यह पदयात्रा समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है और हमें अपने समाज के लिए इसी तरह के कार्य करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

# ट्रेक्टर लूट के 02 अन्य आरोपियों को किया गिरफ्तार

**इंदरगढ़।** पुलिस अधीक्षक दतिया सूरज कुमार वर्मा के निर्देशन में जिले में अपराधों के शीघ्र निराकरण व आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे एवं एसडीओपी महोदय सेवढ़ा अजय चानना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी एवं उनकी टीम के द्वारा कट्टा अडाकर ट्रेक्टर लूट करने बाले 02 और आरोपी गौरव गुर्जर एवं प्रदीप उर्फ धस्सू गुर्जर को गिरफ्तार किया घटना में प्रयुक्त कट्टा को आरोपी प्रदीप उर्फ धस्सू गुर्जर से किया जप्त। घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 20.06.25 को फरियादी धर्मेन्द्र गुर्जर पुत्र कमल सिंह गुर्जर उम्र 52 साल निवासी भडौल द्वारा थाना आकर रिपोर्ट किया कि आज दिनांक 20.06.25 की दरम्यानी रात अज्ञात चोरो द्वारा कट्टा दिखाकर मुझसे इन्डोफार्म ट्रेक्टर 3035 को लूट लिया फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर थाना इंदरगढ मे अपराध क्रमांक 237/25 धारा 309(4), 3(5) बीएनएस 11/13 एमपीडीपीके एक्ट का कायम किया गया। पुलिस कार्यवाही- दौराने विवेचना थाना प्रभारी द्वारा टीम बनाकर आज दिनांक 06.07.25 को मुखविर की सूचना पर से आरोपी प्रदीप उर्फ धस्सू पुत्र शिवराज गुर्जर नि0 ग्राम सोरा थाना मौ जिला भिण्ड एवं आरोपी गौरव सिंह गुर्जर पुत्र जगदीश गुर्जर निवासी भडौल को ग्राम भडौल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी प्रदीप उर्फ धस्सू गुर्जर से घटना में प्रयुक्त 12 बोर का कट्टा जप्त किया गया। सराहनीय भूमिका निरीक्षक वैभव गुप्ता थाना प्रभारी इंदरगढ, मलखान छाबर, रामनिवास गुर्जर, भूपेन्द्र राणा, केशव रजक, पंकज उदैनिया, चालक प्रमोद गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**भिण्ड।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक और राष्ट्र की एकता के अग्रदूत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर बाल्मीकि बस्ती में श्रद्धांजलि एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री एवं आयोग सदस्य सुनील बाल्मीकि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना बलिदान दिया।उन्होंने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अनुच्छेद 370 और धारा 35-ए का विरोध करते हुए वर्ष 1953 में कश्मीर की यात्रा की, जहां उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। दुर्भाग्यवश, 23 जून 1953 को रहस्यमयी परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। डॉ. मुखर्जी ने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा देकर नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया और भारतीय जनसंघ की स्थापना की। आज उन्हीं के बलिदान और संघर्ष से प्रेरणा लेकर भारतीय जनता पार्टी ने उनके सपनों को साकार करते हुए धारा 370 और 35-ए को हटाया। कार्यक्रम में बंटी भारती, अमरदीप, आकाश राठौर, राज कपूर, राहुल, जोगिंदर सहित अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।